भगवती-जोड़

जयाचार्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवती-जोड़

जयाचार्य निर्वाण शताब्दी के अवसर पर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जय वाङ्मय : ग्रन्थ १४

भगवती-जोड़

खण्ड १

प्रवाचक
युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी

प्रधान संपादक
युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ

जैन विश्व भारती
लाडनूं (राजस्थान)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादन/अनुवाद

साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक :
जैन विश्व भारती
लाडनूं (राजस्थान)

अर्थ-सौजन्य :
जयाचार्य निर्वाण शताब्दी समारोह समिति

प्रबन्ध-सम्पादक
श्रीचन्द रामपुरिया
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती
लाडनूं (राजस्थान)

प्रथम संस्करण : १९८१

मूल्य : १०० रुपये

मुद्रक :
भारती प्रिण्टर्स
दिल्ली-३२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

जयाचार्य निर्वाण-शताब्दी समारोह के इस पावन अवसर पर जैन विश्व भारती की ओर से जय वाङ्मय के चतुर्दश ग्रन्थ 'भगवती-जोड़' को जनता के हाथों में सौंपते हुए हमारा हृदय हर्षोत्फुल्ल हो रहा है।

श्रीमज्जयाचार्य का जन्म-नाम जीतमलजी था। आपने अपनी कृतियों में अपना उपनाम 'जय' रखा, इसलिए आप जयाचार्य के नाम से प्रख्यात हुए। आप श्वेताम्बर तेरापंथ धर्म-संघ के चतुर्थ आचार्य थे।

श्रीमज्जयाचार्य की जन्मभूमि मारवाड़ का रोयट ग्राम था। आपका जन्म सं० १८६० की आश्विन शुक्ला १४ की रात्रिवेला में हुआ था। आप ओसवाल थे। गोत्र से गोलछा थे। आपके पिताश्री का नाम आईदानजी गोलेछा और मातुश्री का नाम कलूजी था। आप तीन भाई थे। दो बड़े भाइयों का नाम सरूपचन्दजी और भीमराजजी था।

आपके ज्येष्ठ भ्राता सरूपचन्दजी ने सं० १८६६ की पौष शु० ६ के दिन साधु-जीवन ग्रहण किया। आपने उसी वर्ष माघ कृष्णा ७ के दिन प्रव्रज्या ग्रहण की। दूसरे बड़े भाई भीमराजजी की दीक्षा आपके बाद फाल्गुन कृष्णा ११ के दिन सम्पन्न हुई और उसी दिन माता कलूजी ने भी दीक्षा ग्रहण की। इस तरह सं० १८६६ पौष शुक्ला ८ एवं फाल्गुन कृष्णा १२ की पौने दो माह की अवधि में माता सहित तीनों भाई द्वितीय आचार्यश्री भारमलजी के शासन-काल में दीक्षित हुए।

साधु-जीवन ग्रहण करने के समय जयाचार्य नौ वर्ष के थे। दीक्षा के बाद आप शिक्षा के लिए मुनि हेमराजजी को सौंपे गए। वे ही आपके विद्या-गुरु रहे। आगे जाकर आप एक महान् आध्यात्मिक योगी, विश्रुत इतिहास-सर्जक, विचक्षण साहित्य-स्रष्टा एवं सहज प्रतिभा-सम्पन्न कवि सिद्ध हुए।

सं० १९०८ माघ कृष्णा १४ के दिन तृतीय आचार्य ऋषिराय का छोटी रावलिया में देहान्त हुआ। आप चतुर्थ आचार्य हुए।

आचार्य ऋषिराय के देवलोक होने का समाचार माघ सु० ८ के दिन बीदासर पहुंचा, जहां युवाचार्य जीतमलजी विराज रहे थे। सं० १९०८ माघ सुदी १५ को प्रातःकाल पुष्य नक्षत्र के समय आप पदासीन हुए और बड़े हर्ष के साथ पट्टोत्सव मनाया गया। आचार्य ऋषिराय ने ६७ साधुओं एवं १४३ साध्वियों की धरोहर छोड़ी।

आपने श्वेताम्बर तेरापंथ धर्म-संघ के चतुर्थ आचार्य पद को ३० वर्षों तक सुशोभित किया। आपका निर्वाण सं० १९३८ की भाद्र कृष्णा १२ के दिन जयपुर में हुआ। सं० २०३८ भाद्र कृष्णा ११ के दिन आपको निर्वाण प्राप्त हुए १०० वर्ष पूरे हुए हैं।

जयाचार्य बड़े कुशल संघ-व्यवस्थापक और दूरदर्शी आचार्य थे। आपके आचार्यत्व काल में संघ का बहुविध विकास हुआ।

श्रीमज्जयाचार्य ने अपने जीवन-काल में लगभग ३½ लाख ग्रन्थ-प्रमाण साहित्य की रचना की। आपकी साहित्यिक रुचि बहुविध थी। तेरापंथ धर्म-संघ के संस्थापक आदि-आचार्य श्रीमद् भिक्षु के बाद आपकी साहित्य-साधना बेजोड़ है। आप महान् तत्त्वज्ञानी थे। जन्मजात कुशल इतिहास-लेखक थे। सजीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संस्मरणात्मक जीवन-चरित्र लिखने की आपकी प्रवीणता अनोखी थी। आपकी कृतियों का सौष्ठव, गांभीर्य एवं संगीतमयता—ये सब मनोमुग्धकारी हैं।

'भगवई' अंग-ग्रंथों में सबसे विशाल अंग है। विषयों की दृष्टि से वह एक महान् उदधि है। जयाचार्य ने इस अत्यन्त महत्त्वपूर्ण आगम-ग्रंथ का भी राजस्थानी भाषा में गीतिकाबद्ध पद्यानुवाद किया। यह राजस्थानी साहित्य का सबसे बड़ा ग्रंथ माना गया है। इसमें मूल के साथ टीका-ग्रंथों का भी अनुवाद है और वार्तिक के रूप में अपने मंतव्यों को बड़ी स्पष्टता के साथ प्रस्तुत किया है। इसमें विभिन्न लय में ग्रथित ५०१ ढालें तथा कुछ अन्तर ढालें हैं। ४१ ढालें केवल दोहों में हैं। ग्रन्थ में ३९२ रागिनियां प्रयुक्त हैं।

साहित्य की बहुविध दिशाओं में आगम-ग्रंथों पर आपने जो कार्य किया, वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्राकृत आगमों को राजस्थानी जनता के लिए सुबोध करने की दृष्टि से उन्होंने उनका राजस्थानी पद्यानुवाद किया, जो सुमधुर रागिनियों में ग्रथित है।

प्रथम आचारांग की जोड़, निशीथ की जोड़, ज्ञाता की जोड़, उत्तराध्ययन की जोड़, अनुयोगद्वार की जोड़, पन्नवणा की जोड़, संजया की जोड़, नियंठा की जोड़—ये कृतियां इस दिशा में उनके विस्तृत कार्य का परिचय देती हैं।

इसमें ४९९३ दोहे, २२२५४ गाथाएं, ६५५२ सोरठे, ४३१ विभिन्न छंद, १८८४ प्राकृत, संस्कृत पद्य तथा पर्याय आदि ७४४९ पद्य-परिमाण ११९० गीतिकाएं, ९३२९ पद्य-परिमाण ४०४ यंत्रचित्र आदि हैं। इसका अनुष्टुप् पद्य-परिमाण ग्रंथाग्र ६०९०६ है।

प्रस्तुत प्रकाशन 'भगवती-जोड़' उक्त कृति के चार शतकों को समाविष्ट करता हुआ उसका प्रथम खण्ड है।

मूल राजस्थानी कृति के साथ सम्बन्धित आगम पाठ और टीका की व्याख्या गाथाओं के समकक्ष में दे दी गई हैं, जिससे पाठकों को समझने की सहूलियत के साथ-साथ मूल कृति के विशेष मंतव्य की जानकारी भी हो सकेगी।

इस ग्रंथ का कार्य वाचक युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी के तत्त्वावधान में हुआ और साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने उनका पूरा-पूरा हाथ बंटाया और आचार्यश्री के शब्दों में ही घोर परिश्रम किया है।

इसका सम्पादकीय प्रधान सम्पादक युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ द्वारा प्रस्तुत है।

ऐसे ग्रंथ-रत्न को प्रकाशित करते हुए जैन विश्व भारती अपने को अत्यन्त गौरवान्वित अनुभव कर रही है।

श्री जयाचार्य जैसे पुनीत पुरुष की निर्वाण शताब्दी के अवसर पर जय वाङ्मय एवं तत् सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण साहित्य प्रकाशित करने की विशाल योजना जैन विश्व भारती के सम्मुख है और हमें पूरा विश्वास है कि आप सबके सहयोग से यह संस्था उसे पूरा कर पाएगी।

श्री जयाचार्य निर्वाण शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में मित्र परिषद्, कलकत्ता ने जैन विश्व भारती प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना हेतु दो लाख रुपयों की राशि प्रदान करने की कृपा की है। उक्त मुद्रणालय जैन विश्व भारती को साहित्य-प्रकाशन के क्षेत्र में द्रुतगति से बढ़ने में सहायक होगा। इस अवसर पर हम मित्र परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन करते हैं।

श्री जयाचार्य निर्वाण शताब्दी समारोह समिति को भी उनके आर्थिक सौजन्य के लिए हम अनेक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

लाडनूं (राज०),
सितम्बर, १९८१

श्रीचन्द रामपुरिया
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय

जयाचार्य में मति, बुद्धि और प्रज्ञा की त्रिवेणी प्रवाहित थी। केवल मनन और केवल बुद्धि यथार्थता का स्पर्श करती है, पर उसके पार तक नहीं पहुंच पाती। पार-दर्शन का माध्यम है अन्तर्दृष्टि या प्रज्ञा। जयाचार्य ने अपनी प्रज्ञा से सत्य का अनुभव किया और उसे वाङ्मय में नियोजित किया। उनकी अन्तर्-भाषा है प्रज्ञा और बाहर की भाषा है राजस्थानी। उन्होंने बहुत लिखा। सत्य को बहुत अभिव्यक्ति दी। कोई भी व्यक्ति जितना जानता है, जितना देखता है, उतना उसे अभिव्यक्त नहीं कर पाता। अनुभूति और अभिव्यक्ति—ये दो स्तर भिन्न-भिन्न हैं। जयाचार्य की अनुभूति प्रबल थी, इसलिए अभिव्यक्ति में भी प्रबलता आ गई। अब तक उनकी वाणी बहुत कम प्रकाश में आई थी। वह केवल हस्तलिपियों के भंडार में सुरक्षित पड़ी थी। वह जन-जन तक पहुंच सके, ऐसी व्यवस्था नहीं हो सकी। हम उपादान और निमित्त—दोनों में विश्वास करते हैं। उपादान होने पर भी यदि निमित्त न मिले तो क्रियान्विति नहीं हो सकती। जयाचार्य की निर्वाण-शताब्दी एक निमित्त बना उनके साहित्य को जनता तक पहुंचने का।

लगभग तीन दशकों से हमारे धर्मसंघ में साहित्य की अजस्र धारा बही है। उसमें चार बड़े कार्य संपन्न हुए हैं—

१. आगम साहित्य का सम्पादन
२. तेरापंथ द्विशताब्दी का साहित्य
३. कालूगणी की जन्म शताब्दी का साहित्य
४. जयाचार्य का साहित्य

आचार्यश्री तुलसी के सुदीर्घ शासनकाल में मेरुदंड जैसे कार्य सम्पन्न हुए और हो रहे हैं। आचार्यश्री प्रेरणा के स्रोत हैं। वे नए-नए आयाम उद्घाटित करना चाहते हैं। ये सारे कार्य अधिकांशतया साधु-साध्वियों के श्रम से सम्पन्न हुए हैं। किंचित् मात्रा में गृहस्थ विद्वानों का भी योग रहा है। हमारा साधु-साध्वी समाज अध्ययननिष्ठ होने के साथ-साथ अनुशासननिष्ठ और श्रमनिष्ठ भी है। यही हमारे कार्य की सुविधा है। इस सुविधा के अभाव में ये सारे श्रमसाध्य सम्पादन के कार्य अल्प अवधि में सम्पन्न नहीं किये जा सकते थे।

जयाचार्य के साहित्य सम्पादन का कार्य बहुत बड़ा है। उनके साहित्य की सूची काफी बड़ी है—

१. जयाचार्य-वाङ्मय

चयनिका

१. जय अनुशासन (हिन्दी, अंग्रेजी, गुजराती)

साधना

२. आराधना

साहित्य

३. उपदेशरत्नकथाकोश (अनुमानित दस खण्ड)
४. आख्यान-संग्रह (दो खण्ड)
५. संस्मरण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवन-वृत्त

६. तेरापंथ के तीन आचार्य

इतिहास

७. कीर्ति गाथा
८. अमर गाथा (दो खण्ड)

विधि (Law)

९. तेरापंथ : मर्यादा और व्यवस्था

आगम-भाष्य

१०. उत्तराध्ययन की जोड़
११. आचारांग की जोड़
१२. आचारांग को टब्बो
१३. ज्ञाता की जोड़
१४. भगवती को जोड़ (अनुमानित आठ खण्ड)
१५. आगम : प्रकीर्ण बिन्दु

तत्त्व-दर्शन

१६. तत्त्व-चर्चा
१७. चर्चा-रत्नमाला
१८. भिक्खु कृत हुंडी की जोड़ (भिक्खु कृत हुंडी सहित)
१९. भ्रम-विध्वंसनम्
२०. प्रश्नोत्तर तत्त्वबोध (वृहत्)
२१. जिनाज्ञामुखमंडन, कुमतिविहंडन
२२. सन्देहविषौषधि, प्रश्नोत्तरसार्द्धशतक
२३. तत्त्व-चर्चापिटक
२४. भिक्षु ग्रन्थ : आगम समन्वय

न्याय, व्याकरण, काव्य

२५. न्याय, व्याकरण और काव्य

२. जयाचार्य के जीवन और साहित्य से सम्बद्ध ग्रन्थ

जीवन-वृत्त

२६. प्रज्ञापुरुष जयाचार्य
२७. जय-सुजश
२८. श्रद्धांजलि-संस्मरण

साहित्य-समीक्षा

२९. जयाचार्य साहित्य मूल्यांकन

जयाचार्य स्मृति ग्रन्थ

३०. आगम-मंथन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साधना

३१. लोचन और आत्मालोचन

जीवनवृत्त

३२. चित्रावली

३. आचार्य भिक्षु और तेरापंथ से सम्बद्ध ग्रन्थ

जीवन-वृत्त

३३. आचार्य भिक्षु : जीवन-कथा

३४. आचार्य भिक्षु : धर्म-परिवार

इतिहास

३५. शासन-समुद्र

तत्त्व-दर्शन

३६. जय तत्त्वबोध

ये सब मिलकर ३६ ग्रन्थ हो जाते हैं। इतना बड़ा कार्य बहुत थोड़े वर्षों में सम्पादित और कुछ मात्रा में अनूदित होकर प्रस्तुत हो रहा है। यह श्रमनिष्ठा का एक निदर्शन है। जयाचार्य के ग्रन्थों के मूलपाठ शोधन में सबसे अधिक श्रम आचार्यश्री ने किया है। नाना प्रकार की संघीय प्रवृत्तियों और साहित्यिक रचनाओं में संलग्न एक आचार्य अपने पूर्वज आचार्य के साहित्य-सम्पादन में इतने श्रम और शक्ति का नियोजन करे, यह कृतज्ञता और श्रद्धा का महान् निदर्शन है।

प्रस्तुत रचना एक महाग्रन्थ है। इसके सम्पादन का कार्य भी गुरुतर है। इस गुरुतर कार्य को आचार्य-प्रवर ने गुरुतम बना दिया। जयाचार्य ने मूलपाठ तथा वृत्ति के जिन स्थलों का अनुवाद किया, उन सबकी जोड (पद्यानुवाद) के सामने नियोजित करने से ग्रन्थ की उपयोगिता बढ़ी, पर साथ-साथ सम्पादन कार्य की जटिलता भी बढ़ी।

प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना में जयाचार्य ने बहुत परिश्रम किया था। उनके परिश्रम में हाथ बंटाया था साध्वीप्रमुखा गुलाबसती ने। इसके सम्पादन में आचार्यप्रवर ने भी कम परिश्रम नहीं किया है। पाठ-शोधन से लेकर सम्पादन की सारी प्रकृतियों और प्रवृत्तियों के दायित्व का निर्वाह किया है। इस कार्य में हाथ बंटाया साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने। उन्होंने अत्यधिक समय और शक्ति का नियोजन कर इसे गति दी और दीर्घकाल साध्य कार्य को अल्पकाल साध्य बना दिया। इस महान ग्रंथ को 'सम्पादन के कीर्तिमान' के रूप में उपलब्ध कर साहित्यिक और दार्शनिक जगत् में हमारा धर्मसंघ गौरव-मंडित होगा और चिरकाल तक आचार्यप्रवर एवं साध्वीप्रमुखा के काम का मूल्यांकन करता रहेगा। इस सम्पादन में अन्य साध्वियों—कल्पलताजी, जिनप्रभाजी का भी योगदान रहा है। उनका उल्लेख साध्वीप्रमुखा की सम्पादकीय टिप्पणी में किया गया है। संदर्भ की खोज में मुनि हीरालालजी तथा प्रस्तावना लेखन में मुनि श्रीचन्दजी का सहयोग रहा है।

प्रकाशन-कार्य में प्रबन्ध-सम्पादक श्रीचन्दजी रामपुरिया तथा उनके सहयोगी जनों का पूरा श्रम लगा है।

अनेक उंगलियों के समन्वय से समन्वित होकर अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण एक महान् ग्रन्थ जनता के हाथों में आ रहा है, यह हम सबके लिए उल्लास और गौरव का विषय है।

अणुव्रत भवन, नई दिल्ली
१ अगस्त, १९८१

—युवाचार्य महाप्रज्ञ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादन का इतिवृत्त

आगम साहित्य का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है भगवती, जो विआहपण्णत्ति या व्याख्याप्रज्ञप्ति के नाम से भी पहचाना जाता है। यह एक बृहत्तम आकर ग्रन्थ है। आकार में यह सब आगमों से बृहत् है, उसी प्रकार इसका प्रतिपाद्य भी सर्वाधिक बहु-आयामी है। भगवती के व्याख्या-ग्रन्थों में वृत्ति, टब्बा, चूर्णि, यन्त्र, जोड आदि कई उल्लेखनीय व्याख्याएं हैं। वृत्ति मुद्रित है और उसकी प्रतियां सुलभ हैं। टब्बा, चूर्णि और यन्त्र उपलब्ध हैं, पर मुद्रित नहीं हैं, इसलिए सहज सुलभ नहीं है। भगवती-जोड की हस्तलिखित प्रतियां तेरापन्थ धर्मसंघ के पुस्तक-भंडार में सुरक्षित हैं।

भगवती-जोड़ के रचयिता हैं तेरापंथ धर्मसंघ के चतुर्थ आचार्य श्रीमद् जयाचार्य। उन्होंने अपने जीवन में साहित्य की जो अजस्र धारा बहाई, विरल साहित्यकार ही बहा सकते हैं। उनकी साहित्यिक चेतना का मूल केन्द्र राजस्थानी भाषा रहा है। उन्होंने साढ़े तीन लाख पद्य-परिमाण साहित्य का सृजन कर राजस्थानी साहित्य को समृद्ध ही नहीं बनाया, एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया।

जयाचार्य की साहित्यिक कृतियों में 'भगवती-जोड़' सर्वाधिक बड़ी कृति है। भगवती सूत्र का राजस्थानी भाषा में पद्यानुवाद कोई सरल काम नहीं है, पर जयाचार्य ने उसे जिस सहजता से सम्पादित किया है, आश्चर्य का विषय है। लगभग सोलह हजार ग्रन्थाग्र वाले भगवती सूत्र को उन्होंने साठ हजार पद्यों में विश्लेषित कर भगवती सूत्र के मूल प्रतिपाद्य को तो सुबोध बनाया ही, यत्र-तत्र आलोच्य विषयों पर छोटी-बड़ी समीक्षाएं लिखकर हर विषय को स्पष्ट और संगतिपूर्ण बनाने का प्रयास किया। जिन तथ्यों के सम्बन्ध में वृत्तिकार के साथ उनकी सहमति नहीं थी, उसका उन्होंने स्पष्ट उल्लेख किया और असहमत पक्ष पर तर्क प्रस्तुत कर अपने मन्तव्य का प्रतिपादन किया है। कुल मिलाकर भगवती-जोड़ एक ऐसा ग्रन्थ है, जिसकी तुलना में कोई दूसरा ग्रन्थ नहीं आ सकता।

आचार्यवर के सान्निध्य में जयाचार्य के साहित्य पर काम करने की दृष्टि से गोष्ठियां चलीं। काम का विभाजन हुआ। अनेक साधु-साध्वियों और विद्वानों को कार्य-भार सौंपा गया। मैं उस समय 'भगवती' का हिन्दी अनुवाद कर रही थी। इस दृष्टि से मुझे भगवती का काम सौंपा गया। क्या काम करना है? कैसे करना है? इस सम्बन्ध में उस समय कुछ निर्णय नहीं हुआ। कुछ समय बाद आचार्यश्री ने कहा---"भगवती-जोड़ का सम्पादन करना है।" इस निर्देश के बाद मैंने एक दिन भगवती-जोड़ की हस्तलिखित प्रति देखी, काम दुरूह लगा। इस सम्बन्ध में आचार्यवर से निवेदन किया तो आपने कहा—यह काम तुम मेरे साथ बैठकर करना। मेरी समस्या समाप्त हो गई।

द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण नवमी वि० सं० २०३७ को प्रवचन सम्पन्न होने के बाद 'भगवती-जोड़' का वाचन शुरू किया। उस दिन आचार्यश्री और युवाचार्यश्री दोनों का युगपत् सान्निध्य प्राप्त हुआ। वाचन शुरू करने के साथ ही आचार्यवर ने चिन्तन दिया---जोड़ जिस रूप में है, उसी रूप में वह जनता के हाथों में पहुंचेगी तो अधिक उपयोगी नहीं हो सकेगी। जोड़ के सामने आगम और वृत्ति के उन स्थलों को, जिनके आधार पर जोड़ की गई है, उद्धृत कर दिया जाए तो विद्वज्जगत् में इसकी उपयोगिता बहुगुणित हो सकती है। अभी हम प्रथम शतक को इस रूप में प्रस्तुत कर देख लें कि यह काम कैसा होता है। आचार्यश्री का यह चिन्तन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

युवाचार्यश्री को बहुत अच्छा लगा। उसी समय उस दृष्टि से कार्य प्रारम्भ कर दिया।

इस कार्य में सबसे पहला काम था 'जैन विश्व भारती' द्वारा अधिगृहीत भगवती-जोड़ की शुद्धता को प्रमाणित करना। इसके लिए भी आचार्यवर का सान्निध्य अपेक्षित था। क्योंकि इस प्रकार की कृतियों का अध्ययन न होने के कारण स्वतन्त्र काम करने में पग-पग पर अवरोध संभावित था। आचार्यवर ने अनुग्रह किया और अधिगृहीत ग्रन्थ को मिलाने के लिए अपना पूरा समय दिया। उस समय मेरे सामने केवल एक फाइल थी और आचार्यश्री के आसपास अंगसुत्ताणि भाग २, भगवती की वृत्ति, केशर भगवती, पंचांगी भगवती आदि कई प्रतियां थीं। जहां कहीं तथ्य स्पष्ट नहीं होते, आचार्यश्री मूल आगम और वृत्ति को सामने रखकर उस स्थल में संशोधन कर देते। आचार्य की मर्यादा आचार्य के हाथ में, यह तेरापंथ धर्मसंघ के संविधान का निर्देशक तत्त्व है। इसी के आधार पर आचार्य की कृतियां भी भावी आचार्यों की अपनी कृतियां बन जाती हैं। इस बात को ध्यान में रखकर आचार्यश्री ने पचासों स्थलों पर शब्दों और मात्राओं की दृष्टि से पद्यों में परिवर्तन किया। परिवर्तन करते समय आचार्यवर के मुंह से सहज श्रद्धा और विनम्रता के साथ शब्द निकलते--जयाचार्य की हर रचना पूर्ण है, अपूर्व है और अनाग्रहबुद्धि से संदृब्ध है। फिर भी हम अपनी ओर से जयाचार्य की किंचित् भी आशातना न करते हुए, उनकी दृष्टि का अतिक्रमण न करते हुए शुद्ध भाव से यत्र-तत्र अपेक्षित परिवर्तन करते हैं, इसके लिए संभवतः वे हमें अपनी अनुमति दे रहे हैं।" कितना उदार और ऋजु दृष्टिकोण है आचार्यप्रवर का।

आषाढ़ शुक्ला सप्तमी को प्रथम शतक का काम पूरा हुआ। तयांलीस दिन का समय काफी लम्बा समय होता है, पर आचार्यश्री दिन-भर कई कामों में संलग्न रहते थे। समय के अनुपात को देखते हुए काम अच्छा हुआ। एक शतक का व्यवस्थित काम देखकर आचार्यवर ने दूसरे शतक को भी उसी रूप में सम्पादित करने का निर्णय ले लिया। श्रावण कृष्णा प्रतिपदा को दूसरे शतक का काम प्रारम्भ किया और भाद्र शुक्ला तृतीया को पूरा हो गया। इस बार बीच-बीच में कुछ अवरोध भी आ गए। काम की गति को देखते हुए काफी समय की अपेक्षा थी, पर आचार्यवर ने संकल्प कर लिया कि संवत्सरी से पहले-पहले काम पूरा करना है। अतिरिक्त परिश्रम कर आचार्यवर ने तृतीया तक काम पूरा कर दिया।

भगवती-जोड़ प्रकाशन की पहली शृंखला में दो ही शतक के मुद्रण का चिन्तन था। इस दृष्टि से जोड़ का काम पूरा हो गया। 'जैन विश्व भारती' की ओर से उसके अधिग्रहण का काम भी चातुर्मास की सम्पन्नता तक पूरा हो गया। अधिगृहीत प्रति को मिलाने का काम साध्वियों से करवा लिया।

आचार्यवर के जयपुर प्रवास काल में जयाचार्य निर्वाण समिति की एक गोष्ठी हुई। साहित्य विभाग की मांग थी कि मुद्रण की पहली शृंखला में आने वाले ग्रन्थों की पांडुलिपियां अविलम्ब मिल जानी चाहिए। भगवती-जोड़ की पांडुलिपि अन्तिम रूप से देखकर देने का प्रसंग आया तो ज्ञात हुआ कि उसमें कई स्थलों पर जोड़ का संवादी पाठ पूरा व्यवस्थित नहीं है। एक बार फिर आचार्यवर के सान्निध्य में उसका पूरा पारायण किया और मूल तथा वृत्ति का पाठ विभक्त कर उसे जोड़ का संवादी बनाया। यत्र-तत्र पाद-टिप्पण लिखने की अपेक्षा अनुभव हुई, वे आचार्यश्री और युवाचार्यश्री लिखाते रहे।

प्रथम दो शतक के फर्मे मुद्रित होकर आने लगे। तीन सौ सवा तीन सौ पृष्ठ की सामग्री का अनुमान लगाया गया। पुस्तक के आकार को देखते हुए पृष्ठ कुछ कम लगे। अगले दो शतकों को इसी प्रकार सम्पादित करने का चिन्तन आया और आचार्यवर ने अपनी स्वीकृति दे दी। ये शतक कुछ छोटे भी थे, और प्रेस वालों की ओर से शीघ्रता की मांग भी थी। दिन-रात में सात-सात घंटा इस काम में लगाया और ग्यारह दिनों में काम पूरा हो गया।

भगवती-जोड़ के प्रथम चार शतकों के सम्पादन में आचार्यवर का पूरा समय और श्रम लगा। यदि आचार्यश्री इतना अनुग्रह नहीं करते तो भगवती-जोड़ को इस रूप में मुद्रण के योग्य बनाना संभव नहीं था। आचार्यश्री की निर्मल प्रज्ञा में सैद्धान्तिक ज्ञान की जितनी गहराई है, व्यावहारिक ज्ञान और भाषा-ज्ञान भी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उतना ही विशद है। इसके साथ भगवती-जोड़ में प्राचीन रागिनियों का भी बहुत उपयोग हुआ। केवल चार शतकों में ७१ रागिनियां हैं। उनका बोध न हो तो भी काम में कठिनाई उपस्थित होती है। आचार्यवर का रागिनी-बोध भी अपने-आप में पूर्ण है। इसलिए आपके सान्निध्य में काम करने से यह बाधा भी निरस्त हो गई। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि आचार्यश्री इस काम में इतनी रुचि नहीं लेते तो इस ग्रन्थ का सम्पादन मेरे वश की बात नहीं थी। इन सब कार्यों के साथ अन्तिम रूप से प्रूफ-निरीक्षण के कार्य में भी आचार्यवर ने अपना पूरा समय लगाया। ऐसा नहीं होता तो इस ग्रन्थ में कुछ ऐसी भूलें रह जातीं, जिन्हें पकड़ना भी कठिन था और उसके अभाव में सम्बन्धित सन्दर्भ का सम्यक् अर्थ-बोध भी नहीं हो पाता।

भगवती-जोड़ की पहली शृंखला में चार शतकों का सम्पादन हो पाया है। प्रथम शतक में उनतीस गीत हैं, दूसरे शतक में सतरह गीत हैं, तीसरे शतक में छब्बीस गीत हैं और चौथा शतक बहुत छोटा है--उसमें केवल एक गीत है। चारों शतकों की संयुक्त संख्या तिहत्तर है।

जयाचार्य के पद्य-साहित्य को सम्पादित करने के सन्दर्भ में आचार्यवर द्वारा कुछ मानक निश्चित किए गए, वे इस प्रकार हैं--

१. ढाल, दोहों और सोरठों की संख्या एक।

२. क्रमांक पद्यों की आदि में लगाए जाएं।

३. ढाल की लय नीचे पादटिप्पण में दी जाए।

४. वार्तिका के बाद चालू ढाल की लय या दोहों, सोरठों को पुनरुक्त करने की अपेक्षा नहीं है।

५. ढाल का 'ध्रुवपद' पहले लिया जाए। जहां एक ढाल में कई ध्रुवपद आ गए, वहां उनको उस पद्य की आदि में ले लिया जाए अथवा उनको कोष्ठक में रखा जा सकता है।

६. रागिनी में आने वाले हो, जी, कांई, रे, लाल, प्रभुजी आदि शब्दों को प्रायः ध्रुवपद और एक पद्य में प्रतीक रूप में रखकर शेष स्थानों से हटा दिया जाए। जहां कहीं सन्देह उत्पन्न होने की स्थिति है, वहां गोयम, प्रभुजी आदि शब्दों को पूर्ण या अपूर्ण रूप में रखा जा सकता है।

उपर्युक्त मानकों के अतिरिक्त भगवती-जोड़ में जो विशेष क्रम रखा गया है, उसकी सूचना के बिना पाठक असमंजस में आ सकता है। इस दृष्टि से कुछ आवश्यक सूचनाएं संकलित कर दी गई हैं--

१. भगवती की जोड़ के समानान्तर अंगसुत्ताणि भाग २ का पाठ उद्धृत किया गया है।

२. यत्र-तत्र जोड़ संक्षिप्त पाठ के आधार पर है और अंगसुत्ताणि में पाठ पूरा किया हुआ है, वहां पाद-टिप्पण में दिए गए संक्षिप्त पाठों का उपयोग किया गया है।

३. कहीं अंगसुत्ताणि के पाद-टिप्पण में विस्तृत वाचना का पाठ लिया गया है और मूल में संक्षिप्त पाठ रखा है। ऐसे प्रसंग में, जहाँ जोड़ विस्तृत वाचना के आधार पर है, पाद-टिप्पण का पाठ उद्धृत किया गया है।

४. पाद-टिप्पण के पाठों में प्रमाण उन्हीं सूत्रों का दिया गया है, जिनके वे पाद-टिप्पण हैं।

५. सूत्र-संख्या का प्रमाण प्रायः वहां दिया गया है, जहां सूत्र पूरे होते हैं। पर कहीं-कहीं सूत्र के बीच में टीका या बड़ी समीक्षा के कारण लम्बा अन्तराल प्रतीत हुआ, वहां सूत्र के खंडित पाठ पर भी प्रमाण दिया गया है।

६. जयाचार्य की स्वतन्त्र समीक्षाओं को उद्धरण-चिह्नों में बांधकर उसके नीचे कोष्ठक में (ज० स०) लिखा गया है, जिसका अर्थ है—जयाचार्य की समीक्षा।

७. जोड़ के पारिभाषिक शब्दों और विशेष संज्ञावाचक नामों को परिशिष्ट में दिया गया है।

८. इस ग्रन्थ में कुछ सांकेतिक शब्दों का प्रयोग किया गया है, जैसे—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श० शतक
उ० उद्देशक
ढा० ढाल
वा० वार्तिका
वृ०-प० वृत्ति-पत्र

सम्पादन और मुद्रण के मध्य का एक काम है 'प्रूफ-निरीक्षण'। सामान्यतः हर प्रेस में प्रूफ-निरीक्षकों की व्यवस्था होती है, पर भगवती-जोड़ के प्रूफ-निरीक्षण का काम हमने अपने हाथ में रखा; क्योंकि जोड़ की भाषा राजस्थानी है और उसके सामने मूल पाठ और वृत्ति पाठ आने से प्राकृत और संस्कृत भाषाएं भी इसमें आ गई। पाद-टिप्पण हिन्दी भाषा में लिखे गए हैं। इस दृष्टि से प्रूफ-निरीक्षक को राजस्थानी, हिन्दी, प्राकृत और संस्कृत—इन चार भाषाओं का जानकार होना आवश्यक था।

एक बार प्रूफ देखने मात्र से पूरा संशोधन हो जाए, यह संभव नहीं था। समय कम था और काम जल्दी पूरा करना था। इस दृष्टि से साध्वी जिनप्रभाजी और साध्वी कल्पलताजी ने भी कठिन परिश्रम किया। साध्वी जिनप्रभाजी ने तो अपने अन्य काम गौण कर सारा समय इसी काम में लगा दिया। इनके अतिरिक्त साध्वी सूरजकुमारीजी (थैलासर), सोमलताजी, विमलप्रज्ञाजी, चित्रलेखाजी, शारदाश्रीजी आदि साध्वियों के श्रम-सीकरों का भी इसमें यथासंभव उपयोग हुआ है। इनके इस श्रम-दान को प्रज्ञापुरुष जयाचार्य के प्रति इनकी विनम्र श्रद्धाञ्जलि के रूप में स्वीकृत करना ही अधिक उपयुक्त रहेगा।

प्रज्ञापुरुष जयाचार्य ने अपनी साहित्यिक चेतना से तेरापंथ धर्मसंघ में साहित्य की नई विधाओं का प्रयोग कर अपनी भावी पीढ़ी का पथ प्रशस्त कर दिया। उनकी निर्वाण-शताब्दी के पुण्य अवसर पर उनको एक महान् साहित्यकार के रूप में उजागर करने वाले उनके साहित्य से संपृक्त होने में मुझे सात्विक गौरव का अनुभव हो रहा है। उनकी साहित्यिक चेतना को अन्तहीन नमन।

परम श्रद्धास्पद आचार्यवर के सान्निध्य में बैठकर उनके अमोघ मार्गदर्शन में मैं अपनी साहित्यिक यात्रा निर्बाध रूप से करती रहूं, यही मुझे अभीष्ट है।

साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

भगवान महावीर की वाणी का संकलन अंग सूत्रों में मिलता है। वे बारह हैं। इस समय बारहवां अंग—दृष्टिवाद उपलब्ध नहीं है। शेष ग्यारह अंगों में पांचवां अंग सबसे बड़ा अंग है। उसका नाम है—व्याख्याप्रज्ञप्ति और भगवती।

वर्तमान में भगवती नाम अधिक प्रचलित है। प्रस्तुत आगम में ३६ हजार प्रश्नों के व्याकरण उपलब्ध थे। वर्तमान आकार में वे सब उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी सैकड़ों-सैकड़ों प्रश्नों के व्याकरण आज भी उपलब्ध हैं। तत्त्व-विद्या और दार्शनिक दृष्टि से यह अनुपम ग्रन्थ है। जीव-विज्ञान, परमाणु-विज्ञान, सृष्टि-विद्या, रहस्यवाद, अध्यात्म-विद्या आदि अनेक दृष्टिकोणों से इसका गंभीर अध्ययन, अन्वेषण और अनुसंधान अपेक्षित है।

विभाग और अवान्तर विभाग

समवायांग और नंदीसूत्र के अनुसार प्रस्तुत आगम के सौ से अधिक अध्ययन, दस हजार उद्देशक और दस हजार समुद्देशक हैं।[1] इसका वर्तमान आकार उक्त विवरण से भिन्न है। वर्तमान में इसके एक सौ अड़तीस शत या शतक और उन्नीस सौ पच्चीस उद्देशक मिलते हैं। प्रथम बत्तीस शतक स्वतंत्र हैं। तेतीस से उनचालीस तक के सात शतक बारह-बारह शतकों के समवाय हैं। चालीसवां शतक इक्कीस शतकों का समवाय है। इकचालीसवां शतक स्वतंत्र है। कुल मिलाकर एक सौ अड़तीस शतक होते हैं। उनमें इकचालीस मुख्य और शेष अवान्तर शतक हैं। शतकों में उद्देशक तथा अक्षर परिणाम इस प्रकार हैं—

शतक	उद्देशक	अक्षर परिमाण	शतक	उद्देशक	अक्षर परिणाम
१	१०	३३८४१	१२	१०	३२८०८
२	१०	२३८१८	१३	१०	२१९१४
३	१०	३६७०२	१४	१०	१६०३३
४	१०	७५३	१५	×	३९८१२
५	१०	२५६९१	१६	१४	१५९३९
६	१०	१८६५२	१७	१७	८४१२
७	१०	२४९३५	१८	१०	२२४४३
८	१०	४८५३४	१९	१०	८०२७
९	३४	४५८५९	२०	१०	१९८७१
१०	३४	९९०७	२१	८०	१६३०
११	०२	३२३३८	२२	६०	१०६८

१. समवाओ, सूत्र ९३ : नंदी सू० ८५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३	५०	७१५	३३ (१२)	१२४	३०८६
२४	२४	३६६२६	३४ (१२)	१२४	८६६४
२५	१२	४५१०३	३५ (१२)	१३२	४१८१
२६	११	४४५५	३६ (१२)	१३२	७३१
२७	११	१६०	३७ (१२)	१३२	११५
२८	११	६६४	३८ (१२)	१३२	८७
२६	११	१०२७	३६ (१२)	१३२	१३६
३०	११	४७६४	४० (२१)	२३१	२७३४
३१	२८	२३४४	४१	१६६	३५१६
३२	२८	३६३	कुल १३८	१६२३	६ १८,२२४

व्याख्या ग्रन्थ

भगवती के दो प्राचीन व्याख्या ग्रन्थ मिलते हैं—चूर्णि और वृत्ति। चूर्णि अभी मुद्रित नहीं है। वह हस्तलिखित मिलती है, उसकी पत्र संख्या ८० है। उसका ग्रन्थमान ३५६० श्लोक परिमाण है। उसके प्रारंभ में मंगलाचरण नहीं है और अन्त में प्रशस्ति नहीं है। रचनाकार और रचनाकाल का कोई उल्लेख नहीं है। चूर्णि की भाषा प्राकृत-प्रधान है। इसे प्राकृत-प्रधान चूर्णियों—नंदिचूर्णि, अनुयोगद्वारचूर्णि, दशवैकालिक-चूर्णि, आचारांगचूर्णि, सूत्रकृतांगचूर्णि और जीतकल्पचूर्णि की कोटि में रखा जाता है।

वृत्ति—इसके रचनाकार हैं अभयदेव सूरि। उनका अस्तित्व काल वि० सं० (१०७५ से ११५०) माना जाता है। इसका रचना काल वि० सं० ११२८ है। रचना स्थल है अणहिलपाटन। इसका ग्रन्थमान अठारह हजार छह सौ सोलह (१८६१६) श्लोक परिमाण है। इसकी भाषा संस्कृत है। वृत्तिकार ने अपने से पूर्ववर्त्ती टीका और चूर्णि का उल्लेख किया है।[1] उनके सामने चूर्णि और टीका दोनों रहे हैं। उन्होंने टीकाकार के लिए मूल टीकाकृत और टीकाकार शब्द का प्रयोग किया है।[2]

आधुनिक व्याख्याएं

प्रस्तुत आगम की एक गद्यात्मक व्याख्या मिलती है। उसका नाम है टब्बा (स्तवक) वह वृत्ति के आधार पर किया हुआ संक्षिप्त विवरण है। जयाचार्य ने धर्मसी कृत यंत्र का बार-बार उल्लेख किया है।

भगवती सूत्र की सबसे बड़ी व्याख्या है—भगवती की जोड़। इसके कर्ता हैं श्रीमद् जयाचार्य, तेरापंथ के चतुर्थ आचार्य। इसकी भाषा है राजस्थानी। यह पद्यात्मक व्याख्या है, इसलिए इसे जोड़ कहा जाता है। भगवती की जोड़—इसका अर्थ है भगवती की पद्यात्मक व्याख्या। आचार्यवर ने पंच परमेष्ठी तथा अपने आचार्यों को नमस्कार कर प्रस्तुत जोड़ की रचना का संकल्प किया है—

ऊं पंच परमेष्ठि नमि, भिक्षु भारीमाल।
नृपति-इंदु प्रणमी रचूं, भगवइ जोड़ विशाल[3] ॥१॥

---

१. भगवतीवृत्ति पत्र १ श्लोक ३ :

एतट्टीका-चूर्णी-जीवाभिगमादिवृत्तिलेशांश्च।
संयोज्य पञ्चमाङ्गं विवृणोमि विशेषतः किञ्चित् ॥

२. (क) भगवतीवृत्ति पत्र १२

मूलटीकाकृता तु 'उच्छ्रदसरीरसंखित्तविउलतेयलेस्स' त्ति कर्मधारयं कृत्वा व्याख्यातमिति।

(ख) भगवतीवृत्ति पत्र ६८

टीकाकार व्याख्यातम्।

३. भगवती-जोड़ ग० १ उ० १ ढा० १।१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस रचना में उन्होंने अपने आगम-ज्ञान का पूरा उपयोग किया है। पांच सौ एक गीतिकाओं में निबद्ध इस जोड़ का आकार ही विशाल नहीं है, इसका प्रकार भी विशाल है।

जयाचार्य ने इसकी रचना में अभयदेवसूरि की वृत्ति, टब्बा, धर्मसिंह मुनि के यंत्र को आधार बनाया था। सबसे अधिक आधार उन्होंने आगम सूत्रों का लिया। प्रस्तुत रचना का अध्ययन तीन दृष्टिकोणों से करना हमें इष्ट है—

(१) सहायक ग्रन्थ और भगवती की जोड़।

(२) आगम सूत्र और भगवती की जोड़।

(३) जयाचार्य का स्वतंत्र दृष्टिकोण और भगवती की जोड़।

प्रस्तुत रचना को समझने से पूर्व रचनाकार को समझना बहुत जरूरी है।

जयाचार्य विक्रम की उन्नीसवीं शताब्दी के एक महान् जैन आचार्य हैं। वे तेरापंथ के चतुर्थ आचार्य और आचार्य भिक्षु के महान् भाष्यकार हैं। वे बहुश्रुत हैं। संस्कृत और प्राकृत के अनेक ग्रन्थों के अध्येता हैं। अध्ययन से भी अधिक उनकी प्रतिभा है। वे अपनी प्रतिभा से नए अर्थ खोजते हैं और अनेक विरोधाभासों का परिहार करते हैं। उनका प्रमुख विषय है—आगम मन्थन और आगम दोहन। आगमों के विषय में मन्थन और दोहन करने वाले विरल आचार्यों में विरलतर हैं जयाचार्य।

प्रस्तुत रचना उन जयाचार्य की लेखनी से प्रसूत है। इस कार्य में उन्हें लेखनी और सरस्वती दोनों का उत्तम प्रसाद मिला है।

द्रव्यलिपि वन्दनीय नहीं है

भगवती सूत्र के प्रारंभ में नमस्कार की शृंखला में 'नमो बंभीए लिवीए' पाठ मिलता है। वृत्तिकार ने इसका अर्थ 'ब्राह्मी लिपि को नमस्कार' किया है। जयाचार्य ने इसका अर्थ 'ऋषभ को नमस्कार' किया है। भगवान ऋषभ ब्राह्मी लिपि के प्रवर्तक थे एवंभूत नय की दृष्टि से लिपिकर्त्ता को भी लिपि कहा जा सकता है। इसके समर्थन में आचार्यवर ने प्रस्थक का उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रस्थक के अर्थ को जानने वाला व्यक्ति प्रस्थक कहलाता है, वैसे ही ब्राह्मी लिपि को जानने वाले व्यक्ति को ब्राह्मी लिपि कहा जा सकता है। जिसके द्वारा प्रस्थक निष्पन्न होता है उसे प्रस्थक कहा जाता है, वैसे ही जिसके द्वारा ब्राह्मी लिपि प्रवर्तित है उसे ब्राह्मी लिपि कहा जा सकता है।

ब्राह्मी लिपि का अभिधात्मक अर्थ ब्राह्मी लिपि हो सकता है किन्तु सर्वत्र केवल अभिधा से ही काम नहीं चलता। किसी भी वाक्य का अर्थ करते समय पौर्वापर्य परंपरा और प्रसंग का ध्यान रखना होता है। लिपि और भाषा ये ज्ञान के साधन हैं, इसलिए इनके दो रूप बन जाते हैं—द्रव्यलिपि और भावलिपि। द्रव्य-भाषा और भावभाषा। जयाचार्य की स्थापना है कि द्रव्यलिपि अचेतन है, इसलिए वह नमस्कार के योग्य नहीं है। इस स्थापना का उन्होंने सयुक्तिक समर्थन किया है—

१. नमो बंभीए लिवीए, लिपि कर्त्ता नाभेय।
चरण सहित धुर जिन लिपिक, अर्थ धर्मसी एह॥

२. पाथा ना कर्त्ता भणी, पाथौ कहिये ताहि।
एवंभूत नय नैं मते, अनुयोगदुवार रे मांहि॥

३. अथवा लिपि ते भावलिपि जे मुनि नैं आधार।
नमस्कार छै तेहनैं, एहवूं दीसै सार॥

४. तीर्थ नाम जिम सूत्र नो, ते संघ नैं आधार।
तिण सूं संघ नैं तीर्थ कह्यूं, तिम भावे लिपि सार॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. वृत्तिकार द्रव्यलिपि कही, ते लिपि छै गुणशून्य।
नमस्कार तेहनै करी, ते तो बात जबून्य॥
६. द्रव्य निक्षेपो गुण-रहित, वंदन योग्य न ताम।
समवायंगे देख लो, द्रव्य भाव जिन नाम॥
७. भरत एरवत क्षेत्र नां, अनागत जिनराय।
चउवीसी नां नाम गिण, वंदे पाठ न ताय॥
८. वलि एरवत क्षेत्र नी, चउवीसी वर्त्तमान।
ठांम-ठांम वंदे कह्यो, ए गुण-सहित सुजान॥
९. वर्त्तमान चउवीसी ए, भरत क्षेत्र नीं ताहि।
ठांम-ठांम वंदे कह्यो, जीवो लोगस्स मांहि॥
१०. ते माटे द्रव्यलिपि भणी, द्रव्य सूत्र नैं सोय।
नमस्कार किम कीजियै, हिये विमासी जोय॥
११. वृत्तिकार द्रव्यलिपि भणी, थाप्यो छै नमस्कार।
सूत्र थकी मिलतो नथी, ते अर्थ अवधार॥[1]

इसी प्रकार जयाचार्य ने 'नमो सुयस्स' इस पाठ पर भी अपनी समीक्षा प्रस्तुत की है। श्रुत के भी दो प्रकार होते हैं—द्रव्यश्रुत और भावश्रुत। शब्द की आकृति और उसका उच्चारण ये दोनों द्रव्यश्रुत हैं। शब्द से होने वाला अर्थ-बोध भावश्रुत है। पारिभाषिक शब्दावली में शब्द की आकृति या लिपि को संज्ञाक्षर, उसके उच्चारण को व्यंजनाक्षर और उससे होने वाले अर्थ-बोध को लब्ध्यक्षर कहा जाता है।[2] लिपि और उच्चारण ये दोनों ज्ञान के निमित्त होते हैं। जयाचार्य निमित्तों को नमस्कार करने के पक्ष में नहीं हैं। उनकी दृष्टि में भावलिपि और भावश्रुत ही नमस्करणीय है। उन्होंने लिपि और श्रुत का भेद अपनी दृष्टि से किया है। लिपि शब्द देशश्रुत वाले संयमी का सूचक है और श्रुत शब्द सर्वश्रुत वाले संयमी का सूचक है[3]—

नमोश्रुत ते भावश्रुत, चरण युक्त श्रुतवंत।
लिपि शब्दे तो देशश्रुत, इहां सर्व श्रुतमंत॥

इस विषय की वार्तिका में उन्होंने विस्तार से चर्चा की है।[4]

मंगल-सूत्र

प्रस्तुत आगम के प्रारंभ में नमस्कार महामंत्र, ब्राह्मीलिपि को नमस्कार और श्रुत को नमस्कार—ये तीन मंगल-सूत्र मिलते हैं। आगम रचनाकाल में ग्रंथ के प्रारंभ में मंगल-विन्यास करने की पद्धति नहीं थी। यह पद्धति आगम रचना के उत्तर काल में प्रारंभ हुई। अभयदेवसूरि ने स्वयं एक प्रश्न उपस्थित किया है—अधिकृत शास्त्र स्वयं मंगल है फिर मंगल-विन्यास का क्या प्रजोजन? इससे अनवस्था दोष प्राप्त होगा। इस प्रश्न के उत्तर में टीकाकार ने लिखा है—यह तर्क सही है, फिर भी शिष्य मति को मंगलमय बनाने तथा शिष्ट-समय परिपालन के लिए शास्त्र के प्रारंभ में मंगल-विन्यास किया गया है।[5] टीकाकार ने यदि ऐतिहासिक

१. भगवती जोड़ श० १ उ० १ ढा० १।१६६-१७६
२. नंदी सूत्र, ५६-५६
३. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० १।१६०
४. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० १।१६० से आगे की वार्तिका।
५. भगवतीवृत्ति पत्र ५
ननु अधिकृतशास्त्रस्यैव मंगलत्वात् किं मंगलेन ?
अनवस्थादिदोषप्राप्तेः, सत्यं, किन्तु शिष्यमतिमंगलपरिग्रहार्थं मंगलोपादानं शिष्टसमयपरिपालनाय वेत्युक्तमेवेति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दृष्टि से विचार किया होता तो स्वयं द्वारा प्रस्तुत प्रश्न का समाधान दूसरा ही होता। तीनों मंगलसूत्र रचनाकालिक नहीं हैं, वे उत्तरकाल में जुड़े हैं, इसीलिए चूर्णि और मूल टीका में इनकी व्याख्या नहीं मिलती। अभयदेवसूरि ने स्वयं लिखा है— वृत्तिकार ने पूर्व व्याख्यात नमस्कार आदि ग्रन्थ की व्याख्या नहीं की है, उनके सामने इसका कोई कारण रहा है।[1] अभयदेवसूरि ने उस कारण को स्पष्ट नहीं किया है, किन्तु वह कारण उनके इस वाक्य में स्पष्ट है कि अधिकृत-शास्त्र स्वयं मंगल है, फिर उसके लिए नमस्कार मंगल का कोई प्रयोजन नहीं है।

जयाचार्य ने अभयदेवसूरि के मत का अनुवाद मात्र किया है, उसकी कोई समीक्षा नहीं की है।[2]

नमस्कारादिक ताहि, रचना पूर्व कही तिका।
मूल वृत्ति रै मांहि, न कही किण कारण थकी॥
ब्राह्मीलिपि नमस्कार, मूल वृत्ति में ना कीयो।
तास न्याय जे सार, बुद्धिवंत हिये विचारजो॥

प्रस्तुत आगम पांचवां अंग है। उपलब्ध ग्यारह अंगों में प्रस्तुत आगम को छोड़कर किसी भी अंग सूत्र के प्रारंभ में नमस्कार मंगल उपलब्ध नहीं है।

सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एव मक्खायं (आयारो १।१।१)
बुज्झेज्ज तिउट्टेज्जा, बंधणं परिजाणिया। (सूयगडो १।१।१)
सुयं मे आउसं ! तेणं भगवता एवमक्खायं। (ठाणं १।१)
सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं। (समवाओ १।१)
तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नामं नयरी होत्था। (नायाधम्मकहाओ १।१।१)
तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नाम नयरी होत्था। (उवासगदसाओ १।१)
तेणं कालेणं तेणं समएणं चम्पा नामं नयरी। पुण्णभद्दे चेइए (अंतगडदसाओ १।१)
तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे। (अणुत्तरोववाइयदसाओ १।१)
जंबू ! इणमो अण्हय-संवर-विणिच्छयं पवयणस्स निस्संदं। (पण्हावागरणाइं १।१)
तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नामं नयरी होत्था। (विवागसुयं १।१।१)

आचारांग आदि अंगों के प्रारंभ सूत्रों का अध्ययन करने पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि केवल प्रस्तुत अंग के प्रारंभ में ही नमस्कार मंगल का विन्यास क्यों ? इसका उत्तर पाना कठिन नहीं है। रचनाकाल में प्रस्तुत आगम का प्रारंभ भी "तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नामं नयरे होत्था" इस वाक्य से होता था किन्तु लिपिकारों द्वारा लिखित नमस्कार मंगल मूलसूत्र के साथ जुड़ गए और उन्हें मौलिक अंग मान लिया गया।

अनुवाद

प्रस्तुत ग्रन्थ अनुवाद ग्रन्थ है। जयाचार्य ने मूल पाठ का अनुवाद किया है, साथ-साथ अभयदेवसूरि कृत वृत्ति के मुख्य-मुख्य अंशों का भी अनुवाद किया है।

इस दृष्टि से प्रस्तुत ग्रन्थ भगवती सूत्र तथा उसकी टीका इन दोनों का अनुवाद ग्रन्थ है। इसमें वृत्ति की व्याख्या बहुत सरलता के साथ प्रस्तुत हुई है। उदाहरण के लिए कुछेक स्थल द्रष्टव्य हैं—

१. मूल पाठ—संखित्तविउलतेयलेसे

वृत्ति—संक्षिप्ता—शरीरान्तर्लीनत्वेन ह्रस्वतां गता विपुलाविस्तीर्णा अनेक योजनप्रमाणक्षेत्राश्रित-

१. भगवतीवृत्ति, पत्र ७
अयं च प्राग् व्याख्यातो नमस्कारादिको ग्रन्थो वृत्तिकृता न व्याख्यातः कुतोपि कारणादिति।
२. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० १।१६१,१६२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वस्तुदहनसमर्थत्वात् तेजोलेश्या— विशिष्टतपोजन्यलब्धि विशेषप्रभवा तेजोज्वाला यस्य[1] स तथा।

अनुवाद

बहु योजन क्षेत्र रै मांहि, वस्तु दहन समर्थ कहिवाइ।
एहवी विपुल तेजोलेश्या ज्वाला, विशिष्ट तप करि ऊपनी विशाला॥
ते संक्षेपी तनु अंतर कीनी, आ तो ह्रस्व पणै करि लीनी।[2]

२. मूल पाठ—णिच्चं कुसुमिय-माइय-लवइय-थवइय।

अनुवाद

फूल्या थका ते रहै सदा, मयुर्या ते पुष्प उपन्न।
अंकुरवत् पल्लव ऊपना, थवइ पुष्प डोडा जन्न॥
गुल्म लता समूह ऊपनों, गुच्छा ते पत्र समूह।
वृक्षां नीं सम श्रेणि तिहां, बे-बे तरु एकठा रूह॥[3]

३. मूलपाठ—विणमिय, पणमिय

वृत्ति—'विणमिय' त्ति विशेषेण पुष्पफलभरेण नमितमितिकृत्वा विनमितं 'पणमिय' त्ति तेनैव नमयितु मारब्धत्वात् प्रणमितम्।[4]

अनुवाद

विशेष फल-फूल करी नम्या, आरंभ्या नमवा तेह।
भारे करी गाढा नम्या, सोभायमान है जेह॥[5]

मूल पाठ—णच्चासन्ने णातिदूरे सुस्सूसमाणे

अनुवाद

नहीं अति ही टूंकडा, वली नहीं अति दूर।
प्रभु वच सुणवा नीं, इच्छा धरता सनूर॥[6]

जयाचार्य ने पद्यानुवाद के साथ-साथ टीका के कुछ विशेष अंशों का गद्यानुवाद भी किया है। वह 'वार्त्तिका' इस शीर्षक के अन्तर्गत उपलब्ध है। समीक्षणीय विषयों के लिए भी उन्होंने गद्यमय वार्तिकाएं लिखी हैं। उदाहरण के लिए 'चलमाणे चलिए' इस सूत्र की वार्तिका द्रष्टव्य है।[7] प्रस्तुत सूत्र का अनुवाद भी उल्लेखनीय है। उसमें विषय बहुत ही सरल और सरस रूप में चर्चित हुआ है—

ते पहिले समये, चलवा लागो जेह।
तसुं चल्युं कहीजै, नय वचने करि एह॥
पट उत्पत्ति काले, प्रथम तंतु प्रवेश।
पट उपनो कहीजै, ए छै पट नों देश॥

१. भगवतीवृत्ति पत्र १२।
२. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० २।६२-६३
३. ,, श० १ उ० १ ढा० ६।५३,५४
४. भगवतीवृत्ति पत्र ३७
५. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढाल ६।५५
६. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० ३।४५
७. ,, ,, श० १ उ० १ ढाल ३।३० के पश्चात्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इम पहिलै समयै, चल्युं कर्म नूं अंग।
तसुं चल्यु न कहै तो, सर्व अचलन प्रसंग ।।
इक अंत समय में, चल्यूं कहीजै सोय।
तो अपर समय ते, निष्फल तसुं मत जोय ।।
जे पहिले समयै, चलवा लागो तेह।
जे चल्युं कहीजै, उत्तर समय न चलेह ।।
धुर समय चल्युं कह्यां, उदय आवलिका मांय।
सर्व समये चल्युं क्षय, ए धुर प्रश्न कहाय ।।[1]

अनुवाद का अर्थ केवल शब्दान्तर या भाषान्तर ही नहीं होता। उसका अर्थ है मूल में प्रतिपादित विषय का सरस, सरल और सुबोध भाषा में प्रस्तुतीकरण। जयाचार्य ने उक्त अर्थ को सार्थकता दी है। उनके अनुवाद में काव्यात्मकता, लयबद्धता, अर्थाभिव्यक्ति की स्पष्टता---ये सारी विशेषताएं उपलब्ध होती हैं। वृत्तिकार ने भगवती की तुलना जयकुंजर से की है। अनुवादकार ने टीका के उस अंश को काव्यात्मक शैली में प्रस्तुत किया है। निदर्शन के लिए कुछ गाथाएं पढ़ें---

जयकुंजर गज जिम जयवंतो, समय भगवती सखर सोहंतो।
पंचम अंग भगवती पवरं, द्वितीय नाम आख्यो तसु अवरं।
सरस विआहपण्णत्ति सारं, जयकुंजर गज जिम जयकारं ।।जय०।।
ललित मनोहर जे पद केरी, पद्धति रचना पंक्ति सुहेरी।
पंडित जन मन रंजन प्यारो, प्राज्ञ रिझावणहार प्रचारो ।।जय०।।
अव्यय फुन उपसर्ग निपातं, ए त्रिहुंनोज स्वरूप सुजातं।
प्रादिक उपसर्ग चादि निपातं, प्रादिक चादिक अव्यय ख्यातं[2] ।।जय०।।

ललित पदावलि और वाक्य-विन्यास की दृष्टि से यह पूरा प्रकरण (२४वीं गाथा तक) पठनीय है। जयाचार्य ने राजस्थानी भाषा को तत्त्व-दर्शन की एक अमूल्य रत्नराशि प्रदान की है। उन्होंने केवल भगवती सूत्र का ही अनुवाद नहीं किया है, वृत्तिकार द्वारा विहित व्याख्यान अंशों का भी अनुवाद किया है और अपनी ओर से कुछ नए समाधान भी उसमें जोड़े हैं। उदाहरण के लिए वायुकाय की श्वासोच्छ्वास का प्रकरण प्रस्तुत किया जा सकता है। दूसरे शतक के आठवें सूत्र का प्रतिपाद्य है---वायुकाय वायुकाय को श्वास-उच्छ्वास के रूप में ग्रहण करता है। सूत्रपाठ और अनुवाद एक साथ पठनीय है---

मूलपाठ	अनुवाद
वाउयाए णं भंते वाउयाए चेव आणमंति वा ? पाणमंति वा ? ऊससंति वा ? नीससंति वा ! हंता गोयमा ! वाउयाए णं वाउयाए चेव आणमंति वा पाणमंति वा, ऊससंति वा, नीससंति वा।[3]	हे भदन्त ! जे वायुकाय ? छै, वायुकाय नैं जोयो रे। उस्सास अनैं निःसास लेवै छै, हंता जिन वच होयो रे ।।[4]

१. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० ३।६५-७०
२. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढाल १।४-६
३. भगवती शतक २।८
४. भगवती जोड़ शतक २ उ० १ ढाल ३०।१८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृत्तिपाठ	अनुवाद
कि वायुकायिकानामप्युच्छ्वासादिना वायुनैव भवितव्यमुतान्येन केनापि पृथिव्यादीनामिव तद्विलक्षणेन ।[1]	वृत्तिकार कहै एम रे, पृथ्वी पृथ्वी रूप छै। उश्वासादिक तेम रे, वायु रूप छै तेहना ।। इम अप तेउ काय रे, पृथ्वी नी परै जाणवा। पिण वायुकाय अधिकाय रे, तेहनी वात विचित्र छै ।।[2]
फुल्लुप्पलकमलकोमुलुम्मिलियम्मि	दल उत्पल पंकज तणां, कमल कहितां मृगनेन ए विहुं मृदु मिलिया तिकै, थया विकसित रवि उदयेन ।[3]
अहपंडुरे पभाए, रत्तासोयप्पकासे किंसुय सुयमुहगंजद्ध रागसरिसे कमलागरसंडबोहए ।	रात्रि गयां प्रभात समयै, रवि ऊगै आकाश। रक्त अशोक प्रकाश करिकै, फूल केसू नों जास ।। शुक मुख अर्द्ध गुंजा जिसो, लाल सूर्य सुप्रमोद। कमलागर द्रहादिक नै विषै, करै नलिनिषंड नो बोध ।।[4]
उट्ठियम्मिसूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते ।	सहस्र-किरण दिनकर इसो, तेज करी नै जान। जाज्वलमान सुदीपतो, उदय छतै असमान ।[5]

जयाचार्य का आगमिक अध्ययन बहुत विस्तृत था। वे समीक्षणीय स्थलों में आगम को उद्धृत करते हैं वहां पाठक आश्चर्य चकित रह जाता है।

समीक्षात्मक दृष्टि

जयाचार्य ने अपनी व्याख्या में मूल पाठ के अस्पष्ट अर्थ को स्पष्ट किया है। अनेक स्थलों पर वृत्तिकार के मत को उद्धृत किया है। जहां वृत्तिकार का मत समीक्षणीय लगा वहां उसकी समीक्षा की है। प्रथम शतक के एक सूत्र में हिंसा और अहिंसा का विचार उपलब्ध है।[6] असंयमी जीव अविरति की अपेक्षा आत्म-हिंसक और पर-हिंसक दोनों होते हैं अहिंसक नहीं होते। संयमी मुनि शत्रु योग की अपेक्षा न आत्म-हिंसक होते हैं और न पर-हिंसक, किन्तु अहिंसक होते हैं।

वृत्तिकार ने एक विशेष सूचना दी है कि सूक्ष्म एकेन्द्रिय आदि जीव प्रत्यक्षतः आत्म-हिंसक और पर-हिंसक नहीं होते, फिर भी अविरति की दृष्टि से वे हिंसक हैं। अविरति से निवृत्त मुनि के द्वारा सावधानी बरतते हुए भी अनिवार्य हिंसा हो जाती है, फिर भी वे हिंसक नहीं होते। जयाचार्य ने वृत्तिकार के इस मत को अनूदित किया है।[7] इसमें उन्हें कोई समीक्षणीय अंश नहीं लगा, इसलिए इसकी कोई समीक्षा नहीं की है—

वृत्तिकार इहां इम कह्यो, सूक्ष्म एकेंद्री ताय।
त्याग नहीं हिंसा तणा आत्मारंभादि थाय ।।
मुनि रै त्याग हिंसा तणा, यत्नवंत श्रुत बुद्ध।
जीव तणी ह्वै विराधना, निर्जर फल चित सुद्ध ।।[8]

---

१. भगवती वृत्ति-पत्र ११०
२. भगवती-जोड़ शतक २ उ० १ ढाल० ३०।१६, २०
३. भगवती-जोड़ श० २ उ० १ ढा० ३८।४५
४. भगवती-जोड़ श० २ उ० १ ढा० ३८।४६, ४७
५. भगवती-जोड़ श० २ उ० १ ढा० ३८।४८
६. भगवती १।३४
७. भगवती-वृत्ति, पत्र ३२
८. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० ५।१२, १३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संयमासंयमी

जीव तीन प्रकार के होते हैं—असंयमी, संयमासंयमी और संयमी। प्रस्तुत सूत्र में संयमासंयमी के विषय में कोई चर्चा उपलब्ध नहीं है। वृत्तिकार ने भी इस विषय में कोई चर्चा नहीं की है। जयाचार्य ने इस प्रश्न को उपस्थित कर उसका समाधान किया है। उनके अनुसार संयमासंयमी पांचवें गुणस्थान का अधिकारी होता है। वह छट्ठे और सातवें गुणस्थान के अधिकारी संयमी की श्रेणी में नहीं जा सकता। उसके पूर्व विरति नहीं है, अतः अविरति की दृष्टि से वह असंयमी की श्रेणी में जा सकता है—

तिण अर्थे गौतम ! इम आख्या, आत्म पर उभयारंभा के भाख्या।
केइ अणारंभा सुखकार, हिवै न्याय कहै जय सार॥
संसारी ना किया दोय भेद, संजती असंजती सुवेद।
संजतासंजती कियो नांख्यो, हिवै श्रावक किण मांहे आयो॥
संजती ना वे भेद सुतत्थ, प्रमत्त संजती नैं अप्रमत्त।
प्रमत्त संजती छठो गुणठाणो, अप्रमत्त सातमा थी जाणो॥
यां में तो श्रावक नहीं आवै, पंचमे गुण श्रावक पावै।
अविरत आश्री असंजती मांय, इण रो जाणैं समदृष्टि न्याय॥
सर्व संसारी ना सुविचार, दोय भेद किया जगतार॥
तीजो भेद इहां कियो नाहि, तिण सूं अविरत आश्री असंजती मांहि॥[1]

मुनि में छहों लेश्याओं का अस्तित्व

वृत्तिकार ने मुनि में कृष्ण, नील और कापोत—इन तीन अप्रशस्त भाव-लेश्याओं का निषेध किया है।[2] जयाचार्य ने वृत्तिकार के इस मत की आलोचना की है और मुनि में अप्रशस्त भाव-लेश्याओं का अस्तित्व सिद्ध किया है। उसमें भगवती के अतिरिक्त प्रज्ञापना, प्रज्ञापना वृत्ति, औपपातिक, दशवैकालिक आदि अनेक ग्रन्थों का उपयोग किया है। एक सौ सतरह पद्यों (५।२४-१४०) में की गई विस्तृत समीक्षा सूक्ष्म दृष्टि से मननीय है।

श्रमण और माहण

भगवती में श्रमण और माहण का एक साथ अनेक बार प्रयोग मिलता है। गर्भगत जीव के प्रकरण में तथारूप श्रमण और माहण का प्रयोग मिलता है। वृत्तिकार ने माहण का अर्थ स्थूल हिंसा आदि का त्याग करने वाला किया है।[3] जयाचार्य ने इस अर्थ को असंगत बतलाया है। इस प्रसंग में अनेक सूत्रों की चूर्णियों और टीकाओं में मिलने वाले आगम विरोधी प्रसंगों का उल्लेख किया है। श्रमण के साथ होने वाला माहण शब्द का प्रयोग मुनि के अर्थ में ही होता है। इस स्थापना की पुष्टि में जयाचार्य ने अनेक आगमों के साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। इस प्रसंग में उन्होंने एक निष्कर्ष निकाला है कि चूर्णि और वृत्ति आदि की आगम-विरोधी व्याख्या को प्रमाण नहीं माना जा सकता—

---

१. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० ५।१६-१८

२. भगवती-वृत्ति पत्र ३३, कृष्णादिषु हि अप्रशस्तभावलेश्यासु संयतत्वं नास्ति, यच्चोच्यते—"पुव्वपडिवण्णओ पुण अन्नयरीए उ लेसाए" त्ति तद्द्रव्यलेश्यां प्रतीत्येति मन्तव्यम्।

३. भगवती वृत्ति पत्र ८६,९०
'माहणस्स' त्ति मा हन इत्येवमादिशति स्वयं स्थूलप्राणातिपातादिनिवृत्तत्वाद्यः स माहन अथवा ब्राह्मणो ब्रह्मचर्यस्य देशतः सद्भावाद् ब्राह्मणो देश विरतः तस्य वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृत्ति विषै सूतर थकी, अणमिलती जे होय।
किम मानीजै तेहनैं, हियै विमासी जोय॥[1]

इस लम्बी समीक्षा में जयाचार्य ने अनेक आगम से असंगत प्रकरणों का संकलन किया है। उदाहरण स्वरूप—

१. सजीव नमक खाना

तदेवं परैः समनुज्ञातं समनुसृष्टं सत्प्रासुकं करणवशादप्रासुकं वा भुञ्जीत पिबेद् वा।

(आयारो टीका, पत्र ३२४)

२. कारण में अधःकर्मी आहार लेना

प्राणिभिः रसजादिभिः 'पनकैः' उल्लीजीवैः संसक्तं 'बीजैः' गोधूमादिभिः 'हरितैः' दूर्वाङ्कुरादिभिः 'उन्मिश्रं' शबलीभूतं तथा शीतोदकेन वा 'अवसिक्तम्' आर्द्रीकृतं 'रजसा वा' सचित्तेन 'परिघर्षितं' ति परिगुण्डितं कियद् वा वक्ष्यति ? 'तथाप्रकारम्' एवंजातीयमशुद्धमशनादि चतुर्विधमप्याहारं 'परहस्ते' दातृहस्ते परपात्रे वा स्थितम् 'अप्रासुकं' सचित्तम् 'अनेषणीयम्' आधाकर्मादि दोषदुष्टम् 'इति' एवं मन्यमानः 'स' भावभिक्षुः सत्यपि लाभे न प्रतिगृह्णीयादित्युत्सर्गतः अपवादतस्तु द्रव्यादि ज्ञात्वा प्रतिगृह्णीयात्।

(आचारांग टीका, पत्र २९२)

३. आम चूसना

वितियपदमणप्पज्झे, भुंजे अविकोविए व अप्पज्झे
जाणते वा वि पुणो, गिलाण अद्धाण ओमे वा। (निशीथ भाष्य ४६९५)

चूर्णि—खित्तादिगो अणप्पज्झो वा भुंजति, सेहो अविकोवियत्तणओ अजाणंतो, रोगोवसमणिमित्तं वेज्जुवदेसितो गिलाणो वा भुंजे, अद्धाणोमेसु वा असंथरंता भुंजंता विसुद्धा।

४. लोह आदि धातुओं को धमना

धमंत-फूमंतस्स संजम-छक्काय विराहणा। राउले वा मूइज्जइ तत्थ बंधणातिआ य दोसा। सुवण्णं वा कारविज्जति, लोहादि वा कुट्टंतस्स आयविराहणा वा, तेहिं वा घेप्पेज्ज (२२९२) जम्हा एते दोषा तम्हा णो करेति, णो धरेति, णो पिणद्धति।

कारणेकारे—वितियपदमणप्पज्झे, अप्पज्झे वा वि दुविध तेइच्छे। अभिओग असिव, दुब्भिक्ख-मादिसु जा जहिं जतणा। (२२९४)

रायाभियोगेण मेहुणट्ठे वा करेज्ज। बलामोडीए वा कारविज्जति, दुब्भिक्खे वा असंथरंतो सयं करेज्ज (निशीथ भाष्य २२९२,२२९४)

५. रात्रि भोजन

निक्कारणिमाऽणुवदेसिगा य लग्गंतऽणुदिय अत्थमिते।
गच्छा विणिग्गता वि हु, लग्गे जति ते करेज्जेवं॥

(बृहत्कल्पसूत्र भाष्य ५८२९)

वृत्ति—निष्कारणिका द्रवन्तो अनुपदेशाहिण्डका अविधिनिर्गता श्वानुदितेऽस्तमिते वा यदि गृह्णन्ति भुञ्जते वा ततः पूर्वोक्तप्रायश्चित्ते लगन्ति। ये तु कारणिका द्रवन्त उपदेशाहिण्डका गच्छगताश्च ते कारणे

१, भगवती-जोड़ श० १ उ० ७ ढा० २२।४५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यतनया गृह्णाना भुञ्जानाश्च शुद्धाः ।

चूर्णि— कारणिया असिवादिसु अहवा उवधिकारणा लेवस्स वा बहुगुणं वा गच्छे आयरियादी आगाढे ऐतेहिं कारणेहिं कारणिया गेण्हंता य भुंजंता य शुद्धा । (बृहत्कल्प चूर्णि उद्देशक ५ पत्र २०८)

प्रस्तुत ग्रन्थ में समीक्षा के अनेक प्रकरण हैं। यहां कुछेक उदाहरण प्रस्तुत किए गए हैं। समीक्षा प्रकरणों की पूरी सूची समग्र ग्रन्थ की बृहत् प्रस्तावना में उपलब्ध हो सकेगी।

अर्थभेद और पाठान्तर

जयाचार्य ने भगवती सूत्र का पद्यानुवाद किया, उस समय पाठ संशोधन की प्रणाली प्रचलित नहीं थी। हस्तलिखित आदर्शों में अनेक प्रकार के पाठ उपलब्ध थे। चूर्णिकार और वृत्तिकार ने पाठान्तरों का संकलन किया था। जयाचार्य ने उन पाठान्तरों की चर्चा की है। वृत्ति संक्षिप्त है। उसमें प्रत्येक पाठ की व्याख्या उपलब्ध नहीं है, इसलिए हस्तलिखित आदर्श में जैसा पाठ मिला वैसा ही ग्रहण कर उसका अर्थ किया गया। उदाहरण के लिए भगवती-जोड़ पृ० १०२ का पाद-टिप्पण १ द्रष्टव्य है।

भगवती-जोड़ में 'लंगुवन' का उल्लेख किया गया है, यह उल्लेख वृत्ति में नहीं है। जयाचार्य के सामने जो भगवती का हस्तलिखित आदर्श था, उसमें यह पाठ मिला और उसका उन्होंने उल्लेख किया—

अलसी कुसुंबा नों बन वलि, धवला सरसव नों बन्न।
बंधु जीव फूल दोपहरिया, वलि लंगु-वन सोभन्न ॥[1]

जयाचार्य ने पाठ-संशोधन की आवश्यकता अनुभव की। उन्होंने स्पष्ट संकेत किया है कि इस विवादास्पद का निर्णय अनेक प्रतियों का अवलोकन कर किया जाए- - पन्नवणा १५ पदे केयक परत में पांचूं इन्द्रिय नी विषय जघन्य आंगुल नैं असंख्यातमैं भाग कही, अनैं केयक परत में चक्षु इन्द्री नी विषय जघन्य अंगुल नैं संख्यातमैं भाग कही, ते घणी परतां देख निर्णय कीजो।[2]

राजस्थानी भाषा को जयाचार्य का अवदान

राजस्थानी का शब्द-भंडार बहुत समृद्ध है। उसकी समृद्धि में जयाचार्य का बहुत बड़ा अवदान है। उन्होंने प्राकृत के सैकड़ों-सैकड़ों शब्दों का राजस्थानीकरण किया। उनमें शब्दों को मृदु बनाने की विशिष्ट कला थी। अर्धमागधी के लिए राजस्थानी में 'अधमागधी' शब्द जितना संगत है उतना 'अर्ध मागधी' नहीं है।[3] प्रस्तुत रचना में प्राकृत, संस्कृत दोनों के शब्द राजस्थानी में प्रयुक्त किए गए। उदाहरणस्वरूप—चरित्त और चरित्र, संवुड और संवृत। इस दृष्टिकोण से यह पूरा ग्रन्थ पठनीय है।

प्रस्तुत रचना पद्यात्मक और तुकान्त है। गीतिका की लय और तुक का निर्वाह करने के लिए शब्दों की यथोचित कांट-छांट भी की गई है, उनका अपभ्रंशीकरण भी किया गया है। उदाहरण के लिए इकार, स्थित, अध्येन, गुणठाण, जघन, दुप्रयोग आदि शब्द उद्धृत किए जा सकते हैं। 'इकार वाक्यालंकार'—इस पद में लय की दृष्टि से इव कार के स्थान में इकार का प्रयोग किया गया है। यह प्राकृत का अनुसरण है। प्राकृत में छंदोभंग नहीं किया जा सकता, किन्तु वर्ण का लोप किया जा सकता है। दशवैकालिक के प्रथम अध्ययन (१।३) में 'एमेए' का प्रयोग मिलता है। उसमें छंद की दृष्टि से वकार का लोप किया गया है— एवमेए एमेए। राजस्थानी में ऐसे शब्दों का बहुत प्रचलन है। एक वार का संक्षिप्त रूप 'एकर' प्रयोग में आता है।

---

१. भगवती-जोड़ श० १ उ० २ ढा० ६।५२
२. भगवती-जोड़ श० २ उ० ४ ढा० ३६।२४७
३. देखें—ग्रंथ और ग्रंथकार।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुलाक नियंठा नी स्थित, जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त्त ।[1]

यहां स्थिति के अर्थ में 'स्थित्त' शब्द का प्रयोग तुक मिलाने के लिए किया गया है। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्द प्रयुक्त हैं--

अध्ययन	—	अध्येन
गुणस्थान		गुणठाण
जघन्य		जघन
दुष्प्रयोग		दुप्रयोग
षष्ठितंत्र		साठतंत्र
मध्यम		मज्झम मज्झिम
भक्तपान		भात-पाणी

ग्रन्थ और ग्रन्थकार

जयाचार्य ने प्रस्तुत सूत्र के अनुवाद में अनेक आगमों तथा ग्रन्थों का प्रयोग किया है। उनमें औपपातिक और प्रज्ञापना ये दो प्रमुख हैं। भगवती सूत्र में विस्तृत वर्णन के लिए बार-बार औपपातिक सूत्र देखने का निर्देश है। जयाचार्य ने निर्दिष्ट संक्षिप्त पाठ का कहीं-कहीं कुछ विस्तार भी किया है--

धर्मकथा भणवी इहां उववाई रे मांय।
एह तणो विस्तार छै, तेम इहां कहिवाय॥
देवै श्री जिन देशना, अमृतवाणी ऐन।
आर्य अनार्य सांभली चित में पामै चेन॥
चित मांहि चैन अत्यंत पामै शरद नव घन सारिखो।
गंभीर मधुर क्रोंच दुंदुभि, पवर रव स्वर पारिखो॥
भाषा भली अधमागधी फुन वाणि योजनगामिनी।
पणतीस गुण करि परवरी, भव्य सर्व नै हितकामिनी[2]॥

भगवती वृत्ति प्रमुख आधार रही है। धर्मसीह कृत यंत्र का अनेक बार उल्लेख मिलता है।[3] वियट्टभोइ

---

१. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० ५।१३२
२. भगवती-जोड़ श० २ उ० १ ढा० ३५।३८।४१
३. भगवती-जोड़ श० १ उ० १ ढा० १।१६६
नमो बंभीए लिविए, लिपि कर्त्ता नात्रेय।
चरण सहित धुर जिन लिपिक, अर्थ धर्मसी एह॥१
भगवती-जोड़ श० १ उ० ३ ढा० १२।२४
अर्थ कियो धर्मसीह, मिथ्यात्वी ए परमादी।
अशुभ जोगी पिण तेह, समदृष्टि कंख न बाधी॥२
भगवती-जोड़ श० १ उ० ३ ढा० १३।५
तर अंतरा तो अरथ कियो धर्मसी ताय।
केतलुंक ते मांहिलु, कहियै छै वर न्याय॥३
भगवती-जोड़ श० १ उ० ३ ढा० १४।२२
ए सर्व अर्थ आख्यो टीका सूं, उवट्ठाएज्जा आद।
ए च्यारूं आलावा नो अर्थ धर्मसी, कीधूं धर अहलाद॥४
भगवत-जोड़ श० १ उ० ३ ढा० १४।३४
ए च्यारूं आलावा नो अर्थ धर्मसी कीधो ते कहूंयूं एह।
अपक्रम नो इज प्रश्न गौतम हिवै पूछै प्रेम धरेह॥५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के अर्थ में दौलतरामजी कृत अर्थ का भी उल्लेख मिलता है।[1]

समीक्षा के प्रकरण में रायपसेणइय की वृत्ति, सूत्रकृतांग, आचारांग वृत्ति, निशीथ चूर्णि, व्यवहार-वृत्ति, आवश्यकनिर्युक्ति, बृहत्कल्पवृत्ति, बृहत्कल्पचूर्णि, पार्श्वचन्द्र सूरि कृत आचारांग स्तबक, उत्तराध्ययन, स्थानांग, धर्मसीहकृत भगवती यंत्र, लूंका की हुंडी– इन ग्रन्थों का अपनी स्थापना की पुष्टि के लिए प्रयोग किया है।[2] सूत्रकृतांग की दीपिका का भी उल्लेख मिलता है।[3]

भगवती-जोड़ के अध्ययन से जयाचार्य के सतत स्वाध्यायशील और बहुश्रुत व्यक्तित्व का साक्षात्कार हो जाता है।

विनम्रता और श्रद्धा

जयाचार्य की प्रत्येक रचना में विनम्रता और श्रद्धा का स्पष्ट दर्शन होता है। प्रस्तुत रचना में भी स्थान-स्थान पर उनका साक्षात्कार होता है। बलिकर्म पद की समीक्षा के उपसंहार में आचार्यवर ने अनाग्रह की भाषा में लिखा है—

स्नान विशेषण सोय, वा पूजी गृह देवता।
उभय अर्थ अवलोय, सत्य सर्वज्ञ वदै तिको॥[4]

